Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 12-05-2022 अंक 223

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com








## जिला परिषद पूर्वी भाग 06 के प्रत्याशी मुनेजा खातून के द्वारा उनके कार्यकाल में धरातल पर उतारे गए विकास कार्य एवं अनुशंसित विकास योजनाओं की सूचि एवं भावी कार्ययोजना की संकल्प पत्रः-




**जिला परिषद सदस्य मुनेजा खातून के कार्यकाल में जिला परिषद फण्ड से एवम जीप सदस्य के द्वारा अनुसंशित विकास कार्यो की सूचिः**

1 बरही पूर्वी भाग के डपोक, मलकोको, रानीचुवाँ, करियातपुर, धनवार, बरसोत एवं विजैया में पंचायत भवन का निर्माण
2. बरही पूर्वी भाग में जिला परिषद के फण्ड से प्रत्येक ग्राम मे आंगनवाड़ी भवन का निर्माण
3. करीयातपूर से धनवार तक कालीकरण रोड का निर्माण
4. मलकोको गांव में कालीकरण सड़क निर्माण
5. बरियठ्ठा गांव में कालीकरण सडक निर्माण एवं ओरपरता से डपोक तक कालीकरण रोड का निर्माण
6. चलंगा रोड का मरम्मतीकरण
7. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सड़क मरम्मती करण
8. विजैया मे पावर सब स्टेशन का निर्माण
9. विजैया में पीसीसी रोड का निर्माण
10. गुडियों उपस्वास्थ्य केंद्र भवन की रिपेयरिंग
11. करियतापूर +2 हाईस्कूल एवं विजैया +2 हाईस्कूल का उत्क्रमण
12. करीयतापूर में नाली निर्माण
13. मोरमगढा से रानीचुवां तक कालीकरण सडक निर्माण
14. बरसोत से जीतुपर तक कालीकरण सडक निर्माण

**जीप सदस्या मुनेजा खातून के अनुशंसा से स्वीकृत हुए योजनाओं की सूचि**

1. करियातपुर में मल्टीपरपस भवन, मैरिज हॉल का निर्माण की स्वीकृति
2. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सडक चौडीकरण कार्य की स्वीकृति
3. विजैया से ओरपरता तक सडक निर्माण की स्वीकृति
4. बेहरवाटांड से गरजामू के बीच पुलिया निर्माण की स्वीकृति
5. पिपराटांड से डपोक तक सडक निर्माण की स्वीकृति

**भावी कार्ययोजना ( संकल्प पत्र)**

1. विजैया को प्रखंड के दर्जा दिलाना,
2. विजैया में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ओपी की स्थापना कराना
3. नल जल योजना से सभी पंचायत को जोड़ना और जल मीनार का निर्माण कर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कराना।
4. सोलर संचालित योजना को मूर्त रूप देकर किसानों के खेत तक सिंचाई की व्यवस्था करना।
5. प्रत्येक पंचायत में एक खेल मैदान का निर्माण हेतू प्रयास करना।
6. महिला सशक्तिकरण को बढावा देकर उनहे स्व रोजगार से जोडना। जो स्वरोजगार से जुडे है उनहे और आगे प्रोत्साहित करना।
7. बराकर नदी के किनारे बसे गांवों को लिफ्ट इरिगेशन से जोडकर सिंचाई की व्यवस्था करना।



निवेदक

मो क्यूम अंसारी

समाजसेवी

बरही पूर्वी भाग संख्या 06

हमारा काम बोलगा, जनता के बीच हमारी पहचान बोलेगा


# प्रचार प्रसार के अंतिम दिन कुंती देवी ने किया तूफानी दौरा, निकाली बाइक रैली



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड क्षेत्र में प्रत्याशी लोगों से जन. संपर्क कर यथवा वाहनों में भोंपो लगाकर चुनाव प्रचार कर मतदाता को रिझाने में जुटे रहें। इसी आलोक में गुरुवार को बरही पश्चिमी जिला परिषद प्रत्याशी कुंती देवी व उनके पति तापेश्वर प्रसाद ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों से जनसंपर्क कर अ०टो रिक्शा टेंपो छाप पर मतदान करने का अपील कर चुनाव में जीत दिलाने का आशिर्वाद मांगा। मौके पर उन्होंने कहा कि मैं आपका एक सेवक हूं और हमेशा से किसी ना किसी तरह से आपलोगों की सेवा आज तक करता आया हूं। मुझे इस पंचायत चुनाव में



एक बार मौका देकर अपना बहुमूल्य वोट देकर विजयी बनावें, आपका सेवक हूं और सेवक बन कर आपकी सेवा के साथ-साथ इस क्षेत्र का विकास करने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं आपसे कोई चुनावी वायदे करने नहीं आया हूं। मैं हमेशा आपलोगों के साथ रहकर आपलोगों का मदद कर छोटी-मोटी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करता था। आपलोगों का आशिर्वाद मिला तो आपलोगों की हर समस्या को दूर कर आपकी सेवा करता रह. ूंगा। इस क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली आदि व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम करूंगा।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## प्रचार प्रसार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने झोंकी अपनी ताकत

### रसोइया धमना से पंसस प्रत्याशी अनुज कुमार पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशियों की दौड़ में चल रहे है सबसे आगे

### वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा प्रजापति ने अनुज कुमार के पक्ष में मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार प्रसार का अंतिम दिन अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी के तहत गुरुवार को वरिष्ठ पत्रकार सह सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा प्रजापति के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। रसोइया धमना पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद के संघर्षशील, योग्य, कर्मठ, ईमानदार एव जुझारू पंसस प्रत्याशी अनुज कुमार ने अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमे प्रत्याशी अनुज कुमार डोर टू डोर लोगो से मिलकर अपने पक्ष में बैलेट पेपर के क्रम संख्या एक आलमारी छाप पर मुहर लगाकर जिताने की अपील किया। प्रत्याशी अनुज कुमार ने कहा कि मुझे रसोइया धमना पंचायत के सभी समुदाय से पूरा पूरा समर्थन मिल रहा है। आप सबका आशीर्वाद और दुआ से चुनाव जीत रहा हूँ। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास व हर हाथ को काम दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अवसर मिला तो पंचायत में विकास की गंगा बहाउंगा। लोगों की सेवा करते हुए सबों के मान-सम्मान का ख्याल रखूंगा। उन्होंने कहा कि एक बार अवसर दें किसी को निराश नहीं करूंगा। वहीं वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा प्रजापति ने कहा कि हमें अपने पंचायत में शिक्षित उम्मीदवार चुनना है, ताकि इस पंचायत का विकास हो सके। इस दौरान प्रचार-प्रसार के माध्यम से अनुज कुमार ने लोगों को जागरुक करते हुए सबों से अपने पक्ष में समर्थन मांगा। अभियान में दर्जनों महिलाएं भी शामिल थी।



अनुज कुमार के पक्ष में जन संपर्क करते कृष्णा प्रजापति



जन संपर्क करते अनुज कुमार

## पंसस प्रत्याशी कपिल केशरी को मिल रहा है अपार जन समर्थन , कल होगा सादगी के साथ नगर भ्रमण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पश्चिमी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य पद के उम्मीदवार कपिल प्रसाद केशरी का लागातर जन सम्पर्क अभियान जारी है। इन्हें महिलाओं एवं सेल्फ हेल्फ़ ग्रुप्स से जुड़े महिलाओं का अपार समर्थन मिलता दिख रहा है। खुद महिलाएं इन्हें बुला बुलाकर अपनी बात रख रही हैं और अपनी समस्या से अवगत करा रही है। कपिल प्रसाद केशरी की धर्म पत्नी प्रियंका आनंद खुद महिलाओ के साथ मिलकर इनके भावी कार्य योजना की जानकारी दे रहे हैं। महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण पेश कर रही है। महिलाएं खुद इनके प्रचार प्रसार कर रही हैं। कपिल केशरी गुरुवार को तेली टोला, अफीम कोठी, हजारीबाग रोड एवं बरही डीह में जन सम्पर्क कर अपना चुनाव चिन्ह बेबी वाकर पर मुहर लगाकर विजयी बनाने की अपील करते नजर आए। कहा कि आप मुझे समर्थन करें, हमारा काम बोलेगा। जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कुछ लोग झूठी अफवाह फैलाकर लोगों को भ्रमित करना चाहते हैं। इससे बचने की जरूरत है।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत गया रोड निवासी संजय सिंह उम्र 32 वर्ष पिता अयोधया सिंह ने गुरुवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार पति पत्नी में हुई विवाद को लेकर युवक ने आत्महत्या कर लिया। वहीं बरही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।







सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही बी एस ए के खेल मैदान में बह रहा नाली का पानी

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बरही प्रखंड परिसर में स्तिथ बीएसए के खेल मैदान में ड०क्टर गली के नाली का गंदा पानी पिछले सप्ताह दिनों से बह रहा है। जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास करने में काफी दिक्कत होती है। लेकिन इस बात की और किसी भी जन प्रतिनिधि को ध्यान नहीं है। ज्ञात हो कि डॉक्टर गली में नाली के पानी का निकासी का समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण नाली का पानी खेल मैदान में में बह रहा है। विदित हो की प्रखंड कार्यालय से इस नाली की दूरी मात्र सौ मीटर है। और लगभग सभी अधिकारी को इस बात की जानकारी है लेकिन इस नाली की और किसी अधिकारियों को कही है।

## शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए योग जरूरी है : रजनीश पांडेय

### भामाशाह विद्यालय के बहनो ने किया जल नेति क्रिया का अभ्यास, 65 बहनो ने लिया हिस्सा

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में योग के अंतर्गत जल नेति क्रिया का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय से लगभग 65 बहनों ने भाग लिया। उन्होंने इस क्रिया का व्यक्तिगत रूप से प्रदर्शन किया। विद्यालय के योग आचार्य राजू कुमार ने जल नेति क्रिया के द्वारा होने वाले लाभों का वर्णन करते हुए कहा कि जल नेति नाक के मार्ग और साइनस से बलगम और प्रदूषकों को हटा सकती है, जिससे हवा बिना किसी रुकावट के प्रवाहित हो सकती है। यह एलर्जी, सर्दी और साइनसाइटिस से राहत दिलाने में मदद करता है। यह अस्थमा, निमोनिया, ब्रोंकाइटिस और फुफ्फुसीय तपेदिक जैसे श्वसन पथ के रोगों को रोकने और प्रबंधित करने का दावा करता है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि योग अच्छी तरह से जीने का विज्ञान है, इसलिए इसका नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए। यह हमारे जीवन के कई तत्वों को प्रभावित करता है, जिनमें शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक शामिल हैं।कार्यक्रम का संच.ालन जूली कुमारी के देखरेख में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी ने अपना भरपूर सहयोग दिया।












सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पंसस प्रत्याशी मनोज रजक ने किया जन सम्पर्क, मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



खोड़ाहर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य पद के उम्मीदवार मनोज कुमार रजक लगातार अपने क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे हैं । जन संपर्क करते हुए वे मतदाताओं को अपनी भावी कार्ययोजना से भी अवगत करा रहे हैं । बुधवार एवं गुरुवार को उन्होंने खोड़ाहार केवाल, कुंडवा, कदवा एवं आदिवासी क्षेत्र जावातरी, लुकमा कोचा एवं लोहरा टोली में जनसंपर्क करते हुए अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की । उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में जो भी पंचायत समिति सदस्य रहे उन्होंने कभी भी खोड़ाहर पंचायत के विकास के लिए नहीं सोचा । यही कारण है कि खोड़ाहर पंचायत, पंचायत समिति के मामले में पिछड़ा रहा। इस बार जनता यदि उन्हें आशीर्वाद देती है तो निश्चित तौर पर खोड़ाहर पंचायत का विकास होगा एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सड़क की समस्या से निजात मिलेगी । उन्होंने कहा कि खोड़ाहर पंचायत कृषि प्रधान पंचायत है, लेकिन सिंचाई की व्यवस्था नहीं है। इसलिए सिंचाई की व्यवस्था कराना हमारी प्राथमिकता रहेगी।















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर





















मलकोको पंचायत के भाग संख्या 21 से पंचायत समिति सदस्य पद के योग्य, कर्मठ एवं मृदुलभाषी उम्मीदवार श्रीमती लक्ष्मी देवी को बल्ला छाप पर मुहर लगाकर भारी मतो से विजयी बनाएं।
चुनाव चिन्ह : बल्ला छाप
कम संख्या : 03
श्रीमती लक्ष्मी देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी मलकोको भाग 21
घोषणा पत्र
1. आरईओ रोड से चतरो तक पक्कीकरण रोड
2. मलकोको पंचायत के भाग संख्या 21 के अंतर्गत आने वाले किसानो के लिए सिंचाई की व्यवस्था
3. शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक, महिला सशक्तिकरण, एवं बुजुर्गों का पेंशन, खेल का मैदान की व्यवस्था करना
4. आरईओ रोड से शमसान घाट तक पकको सडक का निर्माण
निवेदकः -
जितेंद्र पंडित, समाजसेवी




वादा नहीं, विश्वास है, आप हमारे साथ हैं !
धनवार पंचायत के मतदाता जागरूक हैं!!
ग्राम पंचायत धनवार से मुखिया पद के योग्य, शिक्षित, जुझारू, ईमानदार उम्मीदवार
अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ अनिल
चुनाव चिन्ह
सेब छाप
मतपत्र का नमूना
क्र.स.
उम्मीदवार का नाम
चुनाव चिन्ह
1 अनिरुद्ध प्रसाद
2
3
4
5
6
बेईमानों का सपना टूटेगा
इस बार ईमानदार प्रत्याशी जीतेगा
1 नंबर
पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनावें।
निवेदक - नकुल कुमार




सबको इज्जत सम्मान मिलेगा, जीने का अधिकार मिलेगा !
मेरा संकल्प सेवा और विकास, सत्ता आप बदलें, व्यवस्था मैं बदलूंगा!!
बरही पश्चिमी से मुखिया पद
के लिए शिक्षित, कर्मठ, जुझारू, लोकप्रिय एवं समाजसेवी उम्मीदवार
सुनील कुमार उर्फ पप्पू चंद्रवंशी
को चुनाव चिन्ह कोट छाप
क्रम सं0- 14
पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनायें
निवेदक लता देवी
बरही पश्चिमी से मुखिया पद
के लिए शिक्षित, कर्मठ, जुझारू, लोकप्रिय एवं समाजसेवी उम्मीदवार
मत-पत्र का नमूना
क्र.सं
प्रत्याशी का नाम
चुनाव चिन्ह
1
2
4
5
6
7
8
9
10
11
13
14 सुनील कुमार उर्फ पप्पू चंद्रवंशी
15
पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनायें
निवेदक - बरही पश्चिमी पंचायत के समस्त मतदातागण।
Order By : Candidate Print at Jyoti Printers, 7050995792, 9800132020 No of Copies 100




हर पल रहेगा एक ही प्रयास
गांव की तरक्की गांव का विकास
कोल्हुआकला पंचायत से मुखिया पद प्रत्याशी
श्रीमती किरण देवी को
क्रम संख्या 01 सेब छाप
पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनायें।
किरण देवी
निवेदक - श्री रामदेव यादव




सबको इज्जत सब का मान!
अमीर गरीब एक समान !
ग्राम पंचायत बेन्दगी से मुखिया पद के लिए
सबको साथ लेकर चलने वाले शिक्षित, अनुभवी और जन कल्याणकारी उम्मीदवार
चुनाव चिन्ह
क्रम सं. 06
नाव छाप
पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनावें।
रघुनन्दन यादव को
9122183639
9471183960

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## आइएएस पूजा सिंघल गिरफ्तार, दो दिनों से ईडी कर रही थी पूछताछ

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा कुछ जरूरी दस्तावेजों के साथ बुधवार दोपहर बाद ईडी कार्यालय पहुंचे हैं। उधर पूजा सिंघल और सीए सुमन कुमार सिंह से ईडी की पूछताछ अब भी जारी है।आय से अधिक संपत्ति मामले में छापेमारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की ओर से लगातार कई दिनों से आइएएस पूजा सिंघल, उनके पति अभिषेक झा और सीए सुमन कुमार सिंह से पूछताछ चल रही थी। दो दिनों की पूछताछ के बाद अंततरू बुधवार को ईडी ने आइएएस पूजा सिंघल को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की टीम उन्हें मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल ले गई है। ईडी के अधिकारियों ने पूजा सिंघल की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि कर दी है।ईडी दो दिनों तक अभिषेक झा से पूछताछ कर चुकी है। वहीं, पूजा सिंघल और सीए सुमन कुमार सिंह से पूछताछ चल रही थी। बुधवार दोपहर बाद ईडी ने एकबार फिर अभिषेक झा को अपने कार्यालय में तलब किया था। अभिषेक झा कुछ कागजात लेकर अपनी गाड़ी से ईडी कार्यालय पहुंचे थे। उधर, ईडी कार्यालय के बाहर आज पहली बार सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। बड़ी संख्या में पुलिस बलों की यहां तैनाती कर दी गई थी। कार्यालय के आसपास से गुजरने वाले हर किसी पर सुरक्षा बलों की कड़ी निगाह थी। ईडी कार्यालय पर अचानक सुरक्षा बढ़ाए जाने से तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड के नइकी हेसाग के युवक की भुरकुंडा जंगल मे सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



ईटखोर थाना क्षेत्र के इटखोरी-चतरा मुख्य सड़क भुरकुंडा जंगल स्थित मौत की घाटी के नाम से जाने जाने वाली भुरकुंडा जंगल के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई है। बाइक सवार दुर्घटना ग्रस्त होकर सड़क किनारे पड़ा था। तभी राहगीरों ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सक डॉ अजित कुमार ने जांच कर मृत करार दिया। जानकारी के बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में कर अंत परीक्षण के लिए चतरा भे. जनें की कार्य कर रही है।युवक कान्हाचट्टी प्रखण्ड के नइकी हेसाग गांव के अजय सिंह के पुत्र बताया जा रहा है।युवक किसी काम से घर से इटखोरी जा रहा था।बताया जाता है कि युवक अपने घर से इटखोरी के लिए निकला था जैसे ही वह भुरकुंडा पहुँचा उसकी बाइक अनियंत्रित होकर महुआ पेंड से टकरा गई,जिससे युवक की मौत हो गई. इटखोरी पुलिस ने शव की अंत्यपरीक्षण कर परिजनों को सौप दिया।इधर गांव में शव आते ही पूरा गांव में मातम छा गया।परिजनों के चीत्कार से सभी के आंखो में आंसू छलक पड़े। मृतक युवक फुटब०ल के अच्छा खिलाड़ी भी था।जिसके कारण प्रखण्ड के खेल प्रेमियों ने युवक की मौत पर शोक व्यक्त किये हैं।




## स्कूलों में 17 मई से 17 दिन की गर्मी छुट्टी, सेकेंड टर्म परीक्षा 16 जून से

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




झारखंड के सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त अनुदानित विद्यालयों में 17 दिनों की गर्मी छुट्टी होगी। छुट्टी 17 मई से शुरू होगी। स्कूल खुलने के बाद सेकेंड टर्म परीक्षा 16 जून से शुरू होगी। इसका आदेश शिक्षा सचिव राजेश कुमार शर्मा ने 11 मई को जारी कर दिया है। सचिव ने लिखा है कि सभी कोटि के सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त अनुदानित विद्यालयों के लिए ग्रीष्मावकाश अवधि 17 दिनों तक निर्धारित की गयी है। इसके आलोक में जिलों द्वारा 17 मई से 4 जून, 2022 तक विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया है। सचिव ने लिखा है कि कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक मूल्यांकन 6 जून से 15 जून तक होगा। इसी तरह कक्षा 8, 9 और 11 के विद्यार्थियों की सेकेंड टर्म की परीक्षा 16 से 30 जून तक प्रस्तावित है। सचिव ने लिखा है कि उक्त के आलोक में सभी कोटि के सरकारी एवं गैर-सरकारी सहायता प्राप्त अनुदानित विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश की उक्त अवधि यथावत रखी जाती है।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चमी से इस बार युवा व महिला वार्ड प्रत्याशियों ने झोंकी पूरी ताकत

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बरही पश्चमी वार्ड नंबर 03 के प्रत्याशी सिंकी देवी ने गुरुवार को विभिन्न गली मुहल्लों में डोर टू डोर जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसम्पर्क के दौरान महिला प्रत्याशि सिंकी देवी ने कहा मर्. हलाओं को समाज मे आगे आने की जरूरत है सरकार भी महिलाओं की सश. क्तिकरण पर जोर दे रही है, आज कई महिला प्रत्याशी एक साथ इलेक्शन फील्ड में उतरे हैं, किसी भी फील्ड में महिलाओं की भ. ूमिका अहम रोल निभाती है आज चुनाव में सभी माताएं,बहने, बड़े बुजुर्गो का भरपूर साथ व सहयोग भी मिल रहा है। सिंकी देवी के पति युवा पत्रकार अमित सोनी , एवं युवा प्रत्याशी बजरंगी केशरी व पवन केशरी ने अपने भावी कार्य योजना की जानकारी देते हुवे बताया कि, कार्य ऐसा करेंगे कि अपने स्वाभिमान में किसी तरह का दाग नही लगने देंगे, यदि जनता हम जैसे युवा को अवसर देती है तो अपने वार्ड क्षेत्र में सड़क, पानी, नाली निर्माण, नियमित साफ सफाई , आवास, राशनकार्ड, गली मुहल्ले में लाइटिंग व्यवस्था, डीलरों की मन. मानी पर नियंत्रण, विधवा तथा वृद्धा पेंशन जरूरतमंद लोगों को मुहैया कराया जाएगा। वार्ड हेतु आने वाली सभी योजनाओं का लाभ योजनाबद्ध तरीके से जनता तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। हमारा लक्ष्य है अपने वार्ड को एक मॉडल वार्ड बनाना और ये सभी के सहयोग से ही सम्भव हो सकता है ।













